Entrepreneurship Activities.

3.2.2 Number of workshops/seminars conducted on Research Methodology, Intellectual Property Rights (IPR) and entrepreneurship during the year

| Year | Name of the workshop/ seminar | Number of Participants | Date From – To | Link to the Activity report on the website |
|---|---|---|---|---|
| 2020-21 | New Trends in Career Cowdung By - Product Webinar | 100 | 12/09/2020 | |
| 2020-21 | New Trends in Career - Roof Top organic farming. | 95 | 26/09/2020 | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College * DURG

PRINCIPAL
Govt. Dr W W Patankar
Girls' P G College Durg (C G )

Entrepr. activity.

DATE- 12.09.2020

## ONLINE WEBINAR ON

## NEW TREND IN CAREER – **COW DUNG BY PRODUCT**



Forwarded

We are pleased to inform that
A National Awareness Webinar on
" NEW TRENDS FOR CAREER : COW DUNG BYPRODUCTS "
(GAUDHAN )

This webinar is organised by Govt.Dr .W .W .Patankar Girls'PG College . Durg. Chhattisgarh, for encouraging youth to go for cow-based entrepreneurship and earn from products like urine and dung .And also encouraging research and training / skill development programmes for youth .

Date : 12 September 2020
Time : 12:00 PM to 2:00 PM
* Free Registration
Via Virtual Platform i.e.Google Meet
Plz join the E- Seminar before 15 Minutes.

https://meet.google.com/yjd-xdsz-kni

Note : E-Certificate will be provided after filling up the feedback form only and the link of the feedback form will be provided after the completion of the E- Seminar .

Govt. Dr. W.W. Patankar Girls P.G. College DURG

September 15, 2020
6:57 AM

हरिभूमि

रायपुर - इस्पात भूमि

15 Sep 2020

पंकज यादव, विनय निर्मलकर सहित वार्डवासी मौजूद थे।

के कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की सूची की मांग की ताकि संस्था संक्रमित मरीजों के लिए प्लाज्मा डोनेट करवाया गया है। समय-समय आदि ने लोगों से प्लाज्मा डोनेट करने व सावधानी रखने की अपील की है।

## गोधन के सह उत्पादों में करियर के अवसर की दी जानकारी

# गोबर से बना रहे पेपर, रजिस्टर और डायरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गोधन के सह उत्पादों में कैरियर के अवसर पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गौकृति संस्थान जयपुर (राजस्थान) के डायरेक्टर भीमराज थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी संस्था गौकृति में गाय के गोबर से पेपर का निर्माण किया जाता है जिससे वे रजिस्टर, डायरी, कैलेण्डर और विभिन्न सजावट के उत्पाद तैयार करते है। इन उत्पादों की भारत के बाजार में ही नहीं विदेशों में भी मांग बढ़ी है।

- गोधन उत्पाद पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

वेबीनार की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को गोधन पर आधारित व्यवसाय, शोध एवं




प्रशिक्षण देना तथा कौशल विकास करना आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण अपना कैरियर स्थानीय स्तर पर आरंभ कर सस्ते और आसानी से उपलब्ध संसाधन का प्रयोग कर कौशल विकास करना महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि गोधन निर्मित उत्पाद सस्ते, सुंदर व पर्यावरण के हितार्थ सुरक्षित होते हैं। वेबीनार में नागपुर के स्वानंद गोविज्ञान केन्द्र के संस्थापक जितेन्द्र भाखने एवं डॉ. भाग्यश्री भाखने ने उनके केन्द्र से निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले मोल्डज और मशीनों की तकनीकी जानकारी दी।

### आनलाइन ट्रेनिंग कराएं

वेबीनार में उपस्थित पद्मश्री शमशाद बेगम ने स्व सहायता समूह के लिए इसके प्रशिक्षण की व्यवस्था पर जानकारी ली। डॉ. मयंक रिहाव ने विशेषज्ञों से इन उत्पादों के वैज्ञानिक मापदंड पर जानकारी चाही। आस्ट्रेलिया से शारदा पटेल ने वैदिक ब्रिक्स के निर्माण पर अपनी उत्सुकता जाहिर की। ऋषभ बिल्डर के अभिलेश कटारिया द्वारा वैदिक ब्रिक्स एवं प्लास्टर की संभावनाओं पर प्रश्न पूछे गए। पर्यावरण वैज्ञानिक अनिता सावंत, रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल विभाग के हेड डॉ. लोकेश सिंह ने भी अपने सुझाव दिए। इथोपिया से डॉ. राधा चौधरी ने ऑनलाइन ट्रेनिंग का सुझाव दिया जिससे इसका लाभ सभी को मिल सके। आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योति भरणे ने किया।

Patankar Girls P.G. C
URG

Entrepr. activity


कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 13.10.2020

# छत पर खेती में रोजगार के अवसर

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा "न्यू ट्रेंड्ज फॉर कैरीअर : रूफ टॉप ऑर्गानिक फॉर्मिंग" (छत पर खेती में रोजगार के अवसर) पर वेबीनार का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेश्मा लाकेश ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को छत पर खेती करने हेतु जागरुक एवं प्रेरित करना है। कोविड–19 के कारण युवा उपलब्ध साधनों एवं घर से ही कार्य एवं व्यवसाय कर सकते हे और औषधीय पौधे, जड़ी–बूटियाँ, मसाले, फूल, घरेलू पौधे, फल–सब्जियों का क्रय – विक्रय एवं गार्डन कन्सल्टेंट एवं डिजाइनर भी बन सकते है।

प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा की वेबीनार की श्रृंखला हमारे स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य शामिल है। फल–सब्जियों में प्रयुक्त रसायन स्लो पाईजन का कार्य करते है, छत पर खेती से ना सिर्फ सुरक्षित ऑर्गेनिक फल–सब्जियाँ प्राप्त होती, साथ ही ये समय का उचित उपयोग एवं सुकून प्रदान करता है।

प्रमुख वक्ता श्री प्रतीक तिवारी सी.ई.ओ. लिविंग ग्रीन्स, जयपुर ने बताया की शहर के घरों की खाली पड़ी छतों पर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग करके लोगों की सब्जियों की अवश्यकता को पूरा कर सकते हैं एवं युवा ना सिर्फ अपनी व्यक्तिगत उपयोग हेतु अपितु व्यवसाय के रूप में इसे अपना सकते हैं, जिसके लिए उचित प्रशिक्षण भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया ।

छत पर खेती की उन्नत तकनीक एवं नवाचार तरीकों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबीनार में छात्र– छात्राएँ, प्राध्यापक, गृहणियाँ, बिल्डर्ज आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती ज्योति भरणे ने आभार प्रदर्शित किया।




(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

Entrepr. activity

Join Us On Google Meet Click On meet.google.com/ywc-drdu-ktt

ROOF TOP ORGANIC FARMING

( छत पर खेती )

We are pleased to inform that Govt .Dr. W . W Patankar Girls PG College Durg is organising a National Webinar , for encouraging youth to go for " Roof Top Organic Farming "based entrepreneurship and earn from products like —- herbs & spices, flowers & house plants,fruits & vegetables, by teaching others to rooftop farming and by becoming a consultant or balcony garden designer .

And also encouraging research and training / skill development programmes for youth .

Date : 10 October 2020

Time : 04:00 PM to. 05:00

* Free Registration
* Open for All

Via Virtual Platform i.e.Google Meet

Plz join the E- Seminar before 15 Minutes :meet.google.com/ywc-drdu-ktt

इस परिप्रेक्ष्य में घरों / टेरेस में साग- सब्ज़ी, फल- फूलों की खेती में आधुनिक कृषि तकनीक का उपयोग कर , ना सिर्फ़ व्यक्तिगत उपयोग अपितु व्यवसायिक स्तर पर अर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता हे । छत पर खेती की उन्नत तकनीक / नवाचार तरीक़ों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबिनर में छात्र- छात्रायें , ग्रहणियाँ , बिडलडेरस् , इंटेरीयोर डेकोरटोर्स , एवं उधायनी में रुचि रखने वाले समस्थ जन आमंत्रित हें .

E-Certificate will be provided after filling up the feedback form only.

Feedback Link -https://docs.google.com/forms/d/1guWhGyqDG0rb6P08AZTZIk4wfSZD7175E75fBNjVxj4/edit Thanks and Regards :

Patron / Principal

Patankar Girls P.G. Co... DURG

Minutes :meet.google.com/ywc-drdu-ktt इस परिप्रेक्ष्य में घरों / टेरेस में साग- सब्ज़ी, फल- फूलों की खेती में आधुनिक कृषि तकनीक का उपयोग कर , ना सिर्फ़ व्यक्तिगत उपयोग अपितु व्यवसायिक स्तर पर अर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता हे ।
छत पर खेती की उन्नत तकनीक / नवाचार तरीक़ों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबिनर में छात्र-छात्रायें , ग्रहणियाँ , बिडलडेरस् , इंटेरीयोर डेकोरटोर्स , एवं उधायनी में रुचि रखने वाले समस्थ जन आमंत्रित हैं .
E-Certificate will be provided after filling up the feedback form only.
Feedback Link -https://docs.google.com/forms/d/1guWhGyqDG0rb6P08AZTZlk4wfSZD7175E75fBNjVxj4/edit Thanks and Regards :

Patron / Principal
Dr Sushil Chandra Tiwari
Convener :
Dr Reshma Lakesh
Organising Committee
Dr Sushma Yadav
Dr Jyoti Bharne
Dr Lata Meshram

खाली पड़ी हो घर की छत, तो करें खेती, प्रशिक्षण भी उपलब्ध – डॉ रेशमा


दुर्ग(campusnews)। शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा "न्यू ट्रेंड्ज फॉर कैरीअर : रूफ टॉप ऑर्गानिक फॉर्मिंग" पर वेबीनार का आयोजन किया गया। प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को छत पर खेती करने हेतु जागरुक एवं प्रेरित करना है। औषधीय पौधे, जड़ी-बूटियाँ, मसाले, फूल, घरेलू पौधे, फल-सब्जियों का क्रय - विक्रय एवं गार्डन कन्सल्टेंट एवं डिजाइनर भी बन सकते है।

प्राचार्य डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि वेबीनार की श्रृंखला हमारे स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य शामिल है। फल-सब्जियों में प्रयुक्त रसायन स्लो पाईजन का कार्य करते है, छत पर खेती से ना सिर्फ सुरक्षित ऑर्गैनिक फल-सब्जियाँ प्राप्त होती, साथ ही ये समय का उचित उपयोग एवं सुकून प्रदान करता है।

प्रमुख वक्ता लिविंग ग्रीन्स, जयपुर के सीईओ प्रतीक तिवारी ने बताया की शहर के घरों की खाली पड़ी छतों पर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग करके लोगों की सब्जियों की अवश्यकता को पूरा कर सकते हैं। इसका उपयोग ना केवल व्यक्तिगत उपयोग हेतु किया जा सकता है अपितु व्यवसाय के रूप में इसे अपनाया जा सकता है। इसके लिए उचित प्रशिक्षण भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया।

छत पर खेती की उन्नत तकनीक एवं नवाचार तरीकों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबीनार में छात्र- छात्राएँ, प्राध्यापक, गृहणियाँ, बिल्डर्ज आदि शामिल हुए।

W.W. Patankar Girls P.G. College DURG




W. Patankar Girls P.G.
DURG

**Deepak Ranjan Das**

26 Sep 2020 ·

आत्महत्या से परिवार और दोस्तों को बचाने संवेदनशील बनकर आगे आएं – डॉ तिवारी

दुर्ग। शासकीय वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय... See more

वेबीनार के संवाद और संदेशों को आगे बढ़ाने का प्रयत्न करें। एक भी जीवन यदि आपके प्रयासों से बच जाता है तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। वेबीनार में न्यूट्रिशनिस्ट डॉ रिम्शा, वरिष्ठ अधिवक्ता शकील अहमद सिद्दीकी ने भी अपनी भागीदारी दी।



DATE – 10.10.2020

## NEW TREND FOR CAREER – "ROOF TOP ORGANIC FARMING"

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 05.02.2019

प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज में
## 'डिजिटल मॉर्केटिंग' पर सेमीनार

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में ई–कॉमर्स और डिजिटल मॉर्केटिंग पर सेमीनार का आयोजन किया गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कॅरियर गाइडेंस सेल एवं कम्प्यूटर साईंस विभाग के विशेषज्ञों ने इस सेमीनार में ई–कॉमर्स के विभिन्न क्षेत्रों पर फोकस किया।

वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. शशि कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. सिलतापा नायक ने ई–कॉमर्स की कार्यपद्धति की चर्चा करते हुए इसके फायदे और नुकसान पर पावर पाईंट के माध्यम से जानकारी दी। उन्होनें ई–कॉमर्स की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए पारदर्शिता एवं रिकॉर्ड संधारण को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. नायक ने डिजिटल मार्केटिंग के एडवांस फीचर्स पर भी विस्तार से चर्चा की तथा फण्ड ट्रान्सफर एवं डाटा एक्सचेंज के विषय में जानकारी दी।

प्लेसमेन्ट एवं कॅरियर गाइडेंस सेल मैनेजर सुश्री नेहा चावला ने डिजिटल मॉर्केटिंग और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होनें वाणिज्य के विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए जिससे वे इन क्षेत्रों में सफलता सुनिश्चित कर सकें। निशा ने विभिन्न रोजगारोपयोगी पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी जिससे कम खर्च में ही हम विभिन्न क्षेत्रों के लायक अपने को तैयार कर सकते है।

कलिंगा विश्वविद्यालय की मॉर्केटिंग मैनेजर सुश्री शबनम एवं प्रीतम सिंह ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियाँ दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में ई–कॉमर्स के क्षेत्र में हो रहे नवाचार पर विद्यार्थियों को अपडेट रहने एवं इसका लाभ उठाने की अपील की। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने भी इस अवसर पर छात्राओं को इसकी उपयोगिता बतलाई। एम.कॉम. एवं बी.कॉम. की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

PRINCIPAL
Govt Dr. W.W. Patankar
Girls PG. College, Durg (C.G.)


(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

05/2/20

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

## 'डिजिटल मॉर्केटिंग' पर सेमीनार



PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com


दिनांक : 13.10.2018

# प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज में

## बिजनेस एनालिटिक्स पर कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वाणिज्य विभाग के तत्वाधान में बिजनेस एनालिटिक्स, टैली ईआरपी तथा जीएसटी पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। एनआईआईटी भिलाई के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में विशेषज्ञ सौरभ कोराने ने बिजनेस एनालिटिक्स के महत्व को बताते हुए रोजगार के विस्तृत क्षेत्र पर प्रकाश डाला तथा एमएस–एक्सेल के क्रियान्वयन को समझाया। छात्राओं को इस पर आधारित प्रोजेक्ट कार्य दिया गया तथा दूसरे दिन इस पर विस्तृत चर्चा की गयी।

दूसरे दिन टैली ईआरपी तथा जीएसटी जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गयी तथा छात्राओं को टैली पर कार्य करने की विधि तथा जीएसटी की सम्पूर्ण प्रक्रिया को समझाया गया। इन दो दिवसों में कार्यशाला में दी ई जानकारी का फीडबैक लिया गया जो एक से पाँच पाइंट की रैकिंग पर आधारित था। इस कार्यशाला के संबंध में छात्राओं का अभिमत भी सकारात्मक रहा। कार्यशाला में बताये गये विषय पर आगामी कार्यदिवस में छात्राओं की एक परीक्षा आयोजित की गयी इस परीक्षा के आधार पर छात्राओं को एनआईआईटी की ओर से प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

कार्यशाला के समापन अवसर पर प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कार्यशाला की उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यशाला का संचालन डॉ. शशि कश्यप ने किया। इस कार्यशाला में स्नातकोत्तर कक्षाओं की 90 छात्राओं ने सहभागिता दी।

वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ. के.एल. राठी, डॉ. व्ही.के.वासनिक, नेहा यादव, किरण वर्मा के साथ छात्रायें उपस्थित थी।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 09.04.2018

## प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज
## 'युवा कैरियर निर्माण योजना मार्गदर्शन कार्यशाला'

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "युवा कॅरियर निर्माण योजना" की जानकारी देने लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संयोजन में इस योजना के तहत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, छ0ग0 लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोंचिग, अनुबंधित कोचिंग संस्थाओं द्वारा दी जावेगी। चयन परीक्षा 29 अप्रैल 2018 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्हः 2.00 तक संभागीय मुख्यालयों में होगी। जिसके लिये 23 अप्रैल 2018 तक आवेदन किये जा सकेंगे।

दुर्ग जिले की योजना समन्वयक श्रीमती उर्मिला ओझा ने छात्राओं को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया तथा प्रशिक्षण की जानकारी दी। युवा कॅरियर निर्माण योजना के प्रशिक्षण के लिए अनुबंधित वनवासी विकास समिति के प्रशिक्षक डॉ0 आशीष कुमेटी ने प्रशिक्षण एवं चयन स्पर्धा की सविस्तार जानकारी दी। उन्होंने छ0ग0 लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, परीक्षा पद्धति पर सविस्तार चर्चा करते बताया कि तैयारी किस प्रकार की जावे।

कार्यशाला का संचालन करते हुए प्रभारी प्राध्यापक डॉ0 ऋचा ठाकुर ने छात्राओं को मार्गदर्शन के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए 'समयबद्ध कार्य योजना से इन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के बिन्दु बताए। महाविद्यालय छात्रसंघ की अध्यक्ष कु0 सुमन कुशवाहा तथा जेंडर चैम्पियन कु0 रूचि शर्मा ने कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय भागीदारी की तथा इस योजना को छात्राओं के लिए बहुमूल्य बताया।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 17.08.2017

## प्रेस विज्ञप्ति

## गर्ल्स कॉलेज में

# ''माटी शिल्प कार्यशाला प्रारंभ''

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय माटी शिल्प कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ।

महाविद्यालय के चित्रकला विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएँ बनाने का प्रशिक्षण छात्राओं को दिया जा रहा है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक श्री धरम नेताम, श्री हेमचंद साहू तथा श्री राजेन्द्र सुनगरिया छात्राओं को मिट्टी से प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दे रहे है। प्रतिमाओं को प्राकृतिक रंगों से रंगा जावेगा। शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, सुप्रसिद्ध फिल्मकार श्री तुषार वाघेला तथा प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।



*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

PRINCIPAL
Govt Dr. W.W. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 12.08.2017

## प्रेस विज्ञप्ति
## गर्ल्स कॉलेज में
# "माटीशिल्प एवं पेपर मैशे" कार्यशाला

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय माटीशिल्प कार्यशाला 17, 18 एवं 19 अगस्त 2017 को आयोजित की गई है। जिसमें इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ एवं भिलाई के प्रशिक्षक मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं तथा अन्य कलाकृतियाँ बनाना सिखाएगें। मिट्टी के गणेश को प्राकृतिक रंग से रंगना तथा इकोफ्रेंडली साज–सज्जा पर प्रशिक्षक छात्राओं को जानकारी देगें।

महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि दिनांक 22, 23 एवं 24 अगस्त को पेपर मैशे कार्यशाला होगी जिसमें ललित कला अकादमी क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर के प्रशिक्षक पेपर की लुग्दी से विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण का प्रशिक्षण देगें।

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बस्तर की तरह उड़ीसा की भी सांस्कृतिक कला धरोहर से हमारे विद्यार्थी परिचित हो सकेगें। इस कार्यशाला में जिले के अन्य महाविद्यालयों की छात्राएँ भी हिस्सा लेगीं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से छात्राएँ अपनी प्रतिभा दिखाएंगी वहीं उन्हें कम खर्चे में कलात्मक साज–सज्जा की कृतियों का निर्माण सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है।



PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG College, Durg (C.G.)

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

# "पेपर मैशे कार्यशाला प्रारंभ"







समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG College, Durg (C.G.)

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 22.08.2017

प्रेस विज्ञप्ति

गर्ल्स कॉलेज में

# "पेपर मैशे कार्यशाला प्रारंभ"

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय "पेपर मैशे" कार्यशाला आज प्रारंभ हुई। ललित कला आकदमी भुनेश्वर (ओड़िसा) के सौजन्य से आयोजित इस कार्यशाला में रघुराजपुर (ओड़िसा) के कलाकार प्रशिक्षण देने के लिए आए हुए है। ललित कला अकादमी के सचिव श्री रामकृष्ण वेदाला ने जानकारी दी कि पेपर मैशे से बेहतरीन कलाकृतियाँ बहुत ही कम खर्चे में एवं कम समय में बनायी जाती है। यह कला विश्व के कई देशों में प्रचलित है जिसे हम भारत के विभिन्न प्रदेशों में प्रचारित एवं प्रसारित कर रहे है। अकादमी के अधिकारी श्री केदार एवं बाबा राणा ने कार्यशाला की भूमिका की चर्चा की।

संयोजक एवं चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने पेपर मैशे के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए ओड़िसा से आये प्रशिक्षकों का स्वागत किया तथा छात्राओं को हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सीखने एवं आगे बढ़ाने का आव्हान किया।

कार्यशाला में रघुराजपुर से आए प्रशिक्षक कविता महाराणा, सोनाली महाराणा एवं प्रभाकर ने छात्राओं को विभिन्न कलाकृतियों के बनाने का तरीका सिखाया।

संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girls PG College, Durg (C.G.)

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य

# गर्ल्स कॉलेज में माटीशिल्प एवं पेपर मैशे कार्यशाला



दुर्ग, 12 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय माटीशिल्प कार्यशाला 17 से 19 अगस्त को आयोजित की गई है। इसमें इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ एवं भिलाई के प्रशिक्षक मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं तथा अन्य कलाकृतियाँ बनाना सिखाएंगें। मिट्टी के गणेश को प्राकृतिक रंग से रंगना तथा इकोफ्रेंडली साज-सज्जा पर प्रशिक्षक छात्राओं को जानकारी देगें। महाविद्यालय के चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि 22, 23 एवं 24 अगस्त को पेपर मैशे कार्यशाला होगी जिसमें ललित कला अकादमी क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर के प्रशिक्षक पेपर की लुग्दी से विभिन्न कलाकृतियों के निर्माण का प्रशिक्षण देगें।

डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि बस्तर की तरह उड़ीसा की भी सांस्कृतिक कला धरोहर से हमारे विद्यार्थी परिचित हो सकेगें। इस कार्य शाला में जिले के अन्य महाविद्यालयों की छात्राएं भी हिस्सा लेगीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से छात्राएँ अपनी प्रतिभा दिखाएंगी वहीं उन्हें कम खर्चे में कलात्मक साज-सज्जा की कृतियों का निर्माण सीखने का अवसर मिलेगा। कार्य शाला पूर्णतः निःशुल्क है।

PRINCIPAL
Govt Dr. W.W. Patankar
Girls PG College,

52

LKA/RC-BBSR/PROG/PMW/239                                        Tuesday, August 08, 2017

Dr. Yogendra Tripathy
Head of Department
Visual Art Department
Sasakiya Dr. B.B. Patnakar Kanya
Snatakotara Mahavidyalaya
Durg, Chhattisgarh.

Dear Madam,

This has reference to your discussion with Sri M. Sovan Kumar, our Supervisor over telephone in connection with organisation of Papier Machie Workshop. As discussed with you the above workshop will be organised in your association at your Institute for a period of three days from 22nd to 24th August, 2017.

Your kind help is solicited for success of this programme.

Thanking you.

Yours faithfully

Ramakrishna Vedala
Regional Secretary.

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patanker
Girl's PG. College, Durg (C.G.)


LALIT KALA AKADEMI
Regional Centre Bhubaneswar


ललित कला अकादेमी
क्षेत्रीय केन्द्र, भुवनेश्वर

III/4, Kharavela Nagar
Bhubaneswar 751 001
Tel/fax: 0674 2391 884

Email : lkabbsr@gmail.com

# रंगोली कार्यशाला







## दिनांक 21 एवं 22 सितम्बर 2017
## (समय : प्रातः 11:00 बजे)

### छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध प्रशिक्षक
## श्री बिरेन्द्र मेहता (बिट्टू)
### के द्वारा प्रशिक्षण

**निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु छात्राएँ गृहविज्ञान विभाग में पंजीयन संपर्क क**

स्थान
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़)

डॉ. रेशमा लाकेश
संयोजक
(गृहविज्ञान विभाग)
मो. 7987701719

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 21.09.2017

## प्रेस विज्ञप्ति


## गर्ल्स कॉलेज में

# "रंगोली प्रशिक्षण" कार्यशाला आयोजित

शास.डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "रंगोली" प्रशिक्षण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रंगोली के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार मेहरा (बिट्टू) ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाने का आसान तरीका बताया।

श्री मेहरा ने प्राकृतिक दृश्यों को रंगोली के माध्यम से बड़े ही खूबसूरती से उकेरा। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मनोरम दृश्यों को रंगोली के माध्यम से देखकर सभी ने प्रशंसा की। संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं की बड़ी संख्या में रंगोली सीखने की ललक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक पारंपरिक धरोहर है जिससे छात्राओं को परिचित कराना हमारा कर्त्तव्य है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।





PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 21.09.2017

## प्रेस विज्ञप्ति


## गर्ल्स कॉलेज में

# "रंगोली प्रशिक्षण" कार्यशाला आयोजित

शास.डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "रंगोली" प्रशिक्षण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रंगोली के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षक श्री वीरेन्द्र कुमार मेहरा (बिट्टू) ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाने का आसान तरीका बताया।

श्री मेहरा ने प्राकृतिक दृश्यों को रंगोली के माध्यम से बड़े ही खूबसूरती से उकेरा। सूर्योदय एवं सूर्यास्त के मनोरम दृश्यों को रंगोली के माध्यम से देखकर सभी ने प्रशंसा की। संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं की बड़ी संख्या में रंगोली सीखने की ललक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक पारंपरिक धरोहर है जिससे छात्राओं को परिचित कराना हमारा कर्त्तव्य है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।





PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788 2212207
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 08.12.2016

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में

## कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला उद्‌घाटित

## लक्ष्य को पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती है – डॉ0 सिंह

शासकीय डॉ0वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत दो दिवसीय कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला ''सुनहरे भविष्य की ओर'' का शुभारंभ हुआ।

कार्यशाला के मुख्यअतिथि डॉ0 आर0एन0 सिंह प्राचार्य शासकीय दिग्विजय पी0जी0 महाविद्यालय, राजनांदगांव थे, अध्यक्षता श्री संतोष पराजपे, लक्ष्य एकेडमी ने की।

डॉ0 सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे अचंल के विद्यार्थियों में योग्यता, ज्ञान की कमी नहीं है बस सोच में कमी है, लक्ष्य को पूरा करने की चुनौती का सामना करना है। उन्होनें आत्मसम्मान, आत्मविश्ववास और आत्मनियंत्रण को बड़े ही अच्छे ढंग से रेखांकित करते हुए कहा कि हमें अपनी क्षमता को पहचानना आना चाहिए। छात्राएँ ईश्वर की सुंदर कृति है आपमें पूरी क्षमता व योग्यता है जिससे आप लक्ष्य तक पहुँच सकती है।

कार्यशाला के प्रमुख वक्ता डॉ0 प्रशांत श्रीधर बोकाड़े ने कहा कि हम सभी स्मार्ट है। दुनिया में हमसें अपेक्षाएँ बढ़ी है। युवाओं से ही उम्मीदे टिकी है। ''युवा कुछ करेंगे तो युवा कुछ बनेंगे। उन्होनें बताया कि हमें परिस्थितियों को अपने अनुसार ढालना आना चाहिए। सकारात्मकता की ओर ध्यान देना आवश्यक है। डॉ0 बोकाड़े ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों की सारगर्भित चर्चा की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह कार्यशाला स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित की गई है, उनके लक्ष्य निर्धारण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा स्वरोजगार की दिशा तय करने में यह सहायक होगी। उन्होनें कहा कि हमें स्वयं अपनी राह चुननी है और उसके लिए लक्ष्य निर्धारित करना होगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे श्री संतोष परांजपे ने कहा कि लोक सेवा आयोग तथा संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी के लिए कार्यशाला उपयोगी साबित होगी। उन्होनें इसके लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

लक्ष्य एकेडमी की छात्रा कु0 श्वेता देवांगन ने भी अपने विचार रखे। दुर्ग विश्वविद्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री विकास पंचाक्षरी ने व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला तथा छोटे–छोटे प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को इसका महत्व समझाया।

कार्यशाला के प्रारंभ में संयोजक डॉ0 निसरीन हुसैन ने दो दिवसीय कार्यशाला के कार्यवृत्त पर प्रकाश डाला। छात्रसंघ अध्यक्ष कु0 रूचि शर्मा ने कार्यशाला को छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बताया। छात्रसंघ के सभी पदाधिकारियों ने कार्यशाला की व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 ऋचा ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 बबिता दुबे ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यशाला के दूसरे दिन सिटकॉन के विशेषज्ञों द्वारा कौशल विकास पर प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा कॉमर्स गुरू डॉ0 संतोष रॉय छात्राओं को संबोधित करेगें।

PRINCIPAL
Govt. Dr. WW. Patanker
Girl's PG. College, Durg (C G)

# गर्ल्स कॉलेज में

## कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला उद्घाटित








डॉ0 आर0एन0सिंह



डॉ0 प्रशांत बोकाड़े



डॉ0 विकास पंचाक्षरी

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girl's PG. College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788 2212207
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 29.08.2016

## प्रेस–विज्ञप्ति

# शास0 कन्या महाविद्यालय में "माटी शिल्प पर कार्यशाला प्रारंभ"

शासकीय वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में चित्रकला विभाग के द्वारा तीन दिवसीय "माटी शिल्प कार्यशाला का उद्‌घाटन आज हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री वर्मा तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी की। अपने उद्‌बोधन में श्रीमती वर्मा ने कहा कि माटी शिल्प एक बहुत अच्छी लोकविधा है जिसके जरिए हम विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमता का विकास सुनिश्चित करते है। उन्होनें चित्रकला विभाग के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि शिल्पकला के क्षेत्र में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जावेंगे जिससे विद्यार्थियों को सीखने को मिलेगा और वे अच्छे प्रशिक्षक के तौर पर कला का विस्तार करेंगे। उन्होनें कहा कि शीघ्र ही महाविद्यालय में हस्तशिल्प एवं ब्यूटी पार्लर के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जावेंगें।

चित्रकला के विभागाध्यक्ष डॉ0 योगेन्द्र त्रिपाठी ने कार्यशाला के उद्‌देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकार राजेन्द्र सुनगरिया, धनंजय पाल की टीम ने छात्राओं को मिट्‌टी से गणेश बनाना सिखाया। महाविद्यालय की 200 छात्राओं ने इसमें भाग लिया। संयोजक डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि गणेश प्रतिमा बनाने के बाद विद्यार्थी इन्हें घर ले जा सकेंगे तथा मिट्‌टी के गणेश के विसर्जन से प्रदूषण भी नहीं होगा। यह कार्यशाला 31 अगस्त तक चलेगी। कार्यक्रम के अंत में छात्रसंघ की नवनिवर्चाचित अध्यक्ष कु0 रूचि शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

संचालन डॉ0 ऋचा ठाकुर ने किया।

PRINCIPAL
Govt. Dr. W.W. Patankar
Girls PG College, Durg (C.G.)
प्राचार्य

माटी शिल्प कार्यशाला

29/30/31 अगस्त 201

कार्यशाला | गर्ल्स कॉलेज में प्रशिक्षण शुरू, बनाई गई मूर्तियां छात्राएं अपने घर में करेंगी स्थापित, खैरागढ़ विवि के चित्रकला विभाग के अध्यक्ष दे रहे प्रशिक्षण

# छात्राएं बना रहीं मिट्टी के गणेश और घर पर करेंगी विसर्जन

एजुकेशन रिपोर्टर|दुर्ग

मिट्टी के गणेश के प्रति जागरुकता फैलाने शासकीय पाटणकर कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय माटी शिल्प कार्यशाला शुरू हुई। उद्घाटन सोमवार को महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने किया।

प्राचार्य सुशील चंद्र तिवारी ने बताया कि खैरागढ़ विश्वविद्यालय के मूर्तिकार छात्राओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण देंगे। जिसके पूर्ण होने के बाद छात्राएं अपनी प्रतिमा घर ले जाएंगी और गणेश पक्ष में अपने घर पर गणेश की स्थापना करेंगी। साथ ही उन्हें प्रतिमा का घर पर ही विसर्जन करने की भी सलाह दी गई है।



सोमवार से शुरू कार्यशाला में छात्राओं ने बनाई गणेश की प्रतिमाएं. तीन दिन में 200 प्रतिमाएं बनाने का लक्ष्य।

## हर छात्रा सिखाएगी पांच छात्रा को कला

खैरागढ़ विवि के चित्रकला विभाग के अध्यक्ष डॉ योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि उनके साथ विवि के छात्र सुरेश कुमार कुंभकार, धर्म सिंह नेताम, करुणा सिदार, मनीषा वर्मा व कलाकार राजेंद्र सुनगरिया भी छात्राओं को गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। संकल्प भी ले रहे हैं कि इस कला को सीखने के बाद वे अन्य पांच छात्राओं को भी प्रशिक्षित करेंगी। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि दो सौ गणेश प्रतिमाएं बनाई जाएंगी। प्रथम दिन प्रतिमा का निर्माण करना सिखाया गया।

## यहां भी होगा प्रशिक्षण

यहीं बीएसपी स्कूल सेक्टर-5 को मंगलवार को दोपहर 12 बजे योग गुरु कृष्णा जे चौधरी बच्चों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देंगी। बुधवार को हैप्पी पार्क हुडको में शाम 4 बजे, गुरुवार को वंदेमातरम अपार्टमेंट मॉडल टाउन में शाम 4 बजे और शनिवार को सुबह 11 बजे स्वरूपानंद कॉलेज हुडको में प्रशिक्षण देंगी।

## 15 पीओपी मूर्तियां जब्त

इधर भिलाई नगर निगम अमले ने सोमवार को प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी 15 मूर्तियां जब्त की। चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पीछे यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में आयुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने निर्देश जारी किए। कार्रवाई में सहायक राजस्व निरीक्षक परमेश्वर चन्द्राकर, रामायण सिंह, शरद दुबे आदि शामिल रहे।

PRINCIPAL
Govt Dr. WW. Patankar
Girls PG College, Durg

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788 2212207
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

दिनांक : 03.09.2016

## प्रेस–विज्ञप्ति

# *शास0 कन्या महाविद्यालय में "रोजगार के अवसर" पर सेमीनार*

शासकीय वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में "रोजगार के अवसर" पर सेमीनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की स्नातकोत्तर एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित इस सेमीनार में विभिन्न शासकीय एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के विषय में प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ विभिन्न रोजगार के अवसर का लाभ उठाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर तैयारी करनी चाहिए। आवेदन करने से लेकर पाठ्यक्रम परिचय एवं तैयारी के लिए टिप्स भी दिए।

सेमीनार के मुख्य वक्ता विजय ज्योति एकेडमी के श्री राकेश तलरेजा ने विद्यार्थियों को रोचक ढंग से कैरियर की दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

उन्होनें प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एकेडमी के श्री विजय कुमार ने भी ऑनलाईन आवेदन के संबंध में जानकारी दी।

महाविद्यालय में छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन करने के लिए कम्प्यूटर विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ0 नसरीन हुसैन ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि 6 सितम्बर से बैंकिंग सर्विस की कोचिंग कक्षाएँ दोपहर 2:30 बजे से नियमित लगेगी। जिसमें विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान, गणित, अंग्रेजी का विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया जावेगा। जिन विद्यार्थियों को कोचिंग कक्षाओं में शामिल होना है वे डॉ0 नसरीन हुसैन एवं डॉ0 बबीता दुबे के पास पंजीयन करा लेवें। महाविद्यालय में शीघ्र ही लोकसेवा आयोग एवं व्यापाम की परीक्षाओं के लिए कक्षाएं प्रारंभ की जावेगी।

सेमीनार में आई0 क्यू0 ए0 सी0 संयोजक डॉ0 अमिता सहगल, डॉ0 के0एल0 राठी, डॉ0 शशि कश्यप, डॉ0 मोनिया राकेश, रुमा बोस, नीतू साहू, पूजा सोढ़ा एवं नेहा यादव उपस्थित थी।

PRINCIPAL
Govt. Dr. WW. Patankar
Girl's PG. College, Durg (C.G.)

प्राचार्य